Publication: Nav Bharat
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 02
Headline: Mayukh, Shubham win finals of TCS IT Wiz

मयूख और शुभम बने आईटी विज के विजेता

इंदौर, 30 अगस्त. शहर के विभिन्न स्कूलों के 1,244 छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस में आयोजित टीसीएस आइटी क्विज में हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया. टीसीएस आईटी क्विज-देश के सबसे बड़े अंतर विद्यालय आइटी क्विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया था।

इंदौर संस्करण के रीजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया. इसमें सागर पब्लिक स्कूल के मयूख नायर और शुभम राव ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी द न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी के प्रत्यूश समल और सिद्धार्थ जिन्दल को हराया. विजेताओं को आइपैड प्रदान किया गया, जबकि रनर्स अप को ग्लैक्सी टैबलेट दिया गया. विजेता जोड़ी ''स्मार्ट टेक विजाड्‌र्स 2013'' का खिताब जीतने के लिये मेगा फाइनल्स में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेगी. डॉ. रितु आनंद, वीपी एवं डिप्टी हेड, ग्लोबल एचआर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने पुरस्कार वितरित किये.

क्वीज मास्टर गीरी बालसुब्रमण्यम ने क्विज को अपने सवाल पूछने के विशेष अंदाज से और भी रोचक बना दिया. लिखित परीक्षा में आयोजन स्थल पर मौजूद सभी टीमों के लिये 20 प्रश्न थे. ये सवाल मौखिक, दृश्य और ऑडियो विजुअल रूप में थे. लिखित परीक्षा में चुनी गयी सर्वश्रेष्ठ 6 टीम रीजनल फाइनल परीक्षा में शामिल हुयी. क्विज के रीजनल फाइनल की प्रमुख विशिष्टता एनिमेशन आधारित क्विज सॉफ्टवेयर थी, जिसे विशिष्ट फॉर्मेट के साथ क्विजमास्टर पिकब्रेन और उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया था. क्वीज मास्टर गीरी ने शहर के स्टूडेंट्स की नॉलेज की सराहना की.